Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide environmental clearance for construction of canal connecting water reservoirs to agriculture fields in Chhattisgarh-laid

**श्री चुन्नी लाल साहू (महासमुन्द):** छत्तीसगढ़ राज्य के बांधों एवं छोटे-छोटे जलाशयों से कृषि भूमि एवं परती भूमि को नहरों के द्वारा सिंचित कर अधिक फसल की पैदावार बढ़ाई जा सकती है, लेकिन कुछ लंबित वन प्रकरणों के कारण जैसे कोमा जलाशय, भीमखोज जलाशय, पाली जलाशय योजना आदि जलाशयों से नहर बनाकर सिंचित करने में वन विभाग की भूमि आ जाने से पूर्व प्रस्तावित नहरों का कार्य आज तक रूका हुआ है । विगत पांच वर्षों से असमय वर्षा के कारण अकाल की स्थिति से किसान जूझ रहे हैं कर्ज तले स्थिति दयनीय है ।

सरकार से मेरी गुजारिश है कि उपरोक्त वन विभाग ओर सिंचाई विभाग के संदर्भ को दृष्टिगत करते हुए अतिशीघ्र समन्वय कराया जाए, जिससे आने वाले समय में कृषि सिंचाईसुविधा बढ़े जिससे अधिक कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी एवं किसान खुशहाल होंगे, किसानों की आय भी दुगुनी होगी । साथ ही देश भी समृद्ध होगा । प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का सपना भी साकार होगा ।